

चुने गए विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए प्राचार्य।

# वंशिका विद्यालय की कैप्टन व अंजलि वाइस कैप्टन चयनित

गोहाना, 2 मई (रामनिवास धीमान): खानपुर कलां भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अलंकरण समारोह का आयोजन हुआ जिसमें विद्यालय की 'विद्यार्थी कार्यकारिणी परिषद' का गठन किया गया जिसकी अध्यक्षता प्राचार्य सुमिता सिंह द्वारा की गई और कार्यकारिणी के सदस्यों को शपथ दिलवाई। इस अवसर पर प्रत्येक सदन से छात्राओं को उनके शैक्षणिक व सह पाठ्यक्रम गतिविधियों में योगदान के आधार पर मनोनीत किया गया। प्राचार्य सुमिता अनुसार विद्यार्थी कार्यकारिणी परिषद में कक्षा बारहवीं साइंस की छात्रा वंशिका को विद्यालय की कैप्टन, कक्षा बारहवीं आर्ट की छात्रा अंजलि को वाइस कैप्टन तथा कक्षा बारहवीं साइंस की छात्रा अंतिम को स्पोर्ट्स कप्तान चुना गया। इसके साथ ही ब्रह्मपुत्र सदन से कैप्टन खुशी, वाइस कैप्टन अंशु, गंगा सदन से कैप्टन नैंसी, वाइस कैप्टन अरुण तंवर, कावेरी सदन से कैप्टन अंशु, वाइस कैप्टन नंदिनी एवं नर्मदा सदन से कैप्टन अंशिका, वाइस कैप्टन वंशिका का चयन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने छात्राओं को बेज एवं अंगवस्त्र प्रदान किए तथा उन्हें आत्म- प्रेरणा की भावना को बढ़ावा देते हुए दृढ़ता, निष्ठा और विनम्रता के साथ अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारियों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया।

पंजाब केसरी SAT,03 MAY 2025
EDITION: SONIPAT KESARI, PAGE NO. 1

# विद्यार्थी परिषद का गठन, वंशिका कैप्टन, अंजलि बनी वाइस कैप्टन



*विद्यार्थी परिषद के नवनिर्वाचित पदाधिकारी अपने शिक्षकों के साथ।* (अरोड़ा)

गोहाना, 2 मई (अरोड़ा): बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को विद्यार्थी परिषद का गठन किया गया। अध्यक्षता प्रिंसीपल सुमिता सिंह ने की एवं कार्यकारिणी के सदस्यों को शपथ दिलवाई।

मनोनीत छात्राओं का अन्तिम चयन साक्षात्कार प्रक्रिया के माध्यम से पूर्ण किया गया। विद्यार्थी कार्यकारिणी परिषद में 12वीं साइंस की छात्रा वंशिका को कैप्टन, इसी कक्षा की आर्ट की छात्रा अंजलि को वाइस कैप्टन तथा साइंस की छात्रा अंतिम को स्पोर्ट्स कप्तान चुना गया।

इसके साथ ही ब्रह्मपुत्र सदन से कैप्टन खुशी, वाइस कैप्टन अंशु, गंगा सदन से कैप्टन नैंसी, वाइस कैप्टन अरुण तंवर, कावेरी सदन से कैप्टन अंशु, वाइस कैप्टन नंदिनी एवं नर्मदा सदन से कैप्टन अंशिका, वाइस कैप्टन वंशिका का चयन किया गया।

प्रिंसीपल सुमिता सिंह ने चयनित छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि एक विद्यालय में कैप्टन, वाइस कैप्टन और सदन के विभिन्न सदस्यों का चयन एक महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया होती है जो विद्यार्थियों में नेतृत्व, सहयोग और अनुशासन को बढ़ावा देती है।

# वंशिका कैप्टन, अंजलि बनी वाइस कैप्टन

गोहाना मुद्रिका, 2 मई : बी.पी.एस. महिला विश्वविद्यालय के कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को विद्यार्थी परिषद का गठन किया गया। अध्यक्षता प्रिंसिपल सुमिता सिंह ने की एवं कार्यकारिणी के सदस्यों को शपथ दिलवाई।

मनोनीत छात्राओं का अन्तिम चयन साक्षात्कार प्रक्रिया के माध्यम से पूर्ण किया गया। विद्यार्थी कार्यकारिणी परिषद में कक्षा बारहवीं साइंस की छात्रा वंशिका को कैप्टन, इसी कक्षा की आर्ट की छात्रा अंजलि को वाइस कैप्टन तथा साइंस की छात्रा अंतिम को स्पोर्ट्स कप्तान चुना गया। इसके साथ ही ब्रह्मपुत्र सदन से कैप्टन खुशी, वाइस कैप्टन अंशु, गंगा सदन से कैप्टन नैंसी, वाइस कैप्टन अरुण तंवर, कावेरी सदन से कैप्टन अंशु, वाइस कैप्टन नंदिनी एवं नर्मदा सदन से कैप्टन अंशिका, वाइस कैप्टन वंशिका का चयन किया गया।

प्रिंसिपल सुमिता सिंह ने चयनित छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि एक विद्यालय में कैप्टन, वाइस कैप्टन और सदन के विभिन्न सदस्यों का चयन एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया होती है जो विद्यार्थियों में नेतृत्व, सहयोग और अनुशासन को बढ़ावा देती है।

# 12वीं कक्षा की वंशिका चुनी गईं विद्यार्थी परिषद की कप्तान



सोनीपत के खानपुर कलां स्थित कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थी परिषद के गठन के दौरान चयनित छात्राएं शिक्षकों के साथ। स्रोतः विद्यालय

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विवि के कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, खानपुर कलां में शुक्रवार को विद्यार्थी परिषद का गठन किया गया।

परिषद में पदाधिकारियों का चयन शैक्षणिक व सह पाठ्यक्रम गतिविधियों में योगदान के आधार पर किया गया। इसके बाद साक्षात्कार लिया गया। विद्यार्थी परिषद में 12वीं कक्षा की विज्ञान संकाय की वंशिका को कप्तान, कलां संकाय की अंजलि को उप कप्तान और विज्ञान संकाय की अंतिम को स्पोर्ट्स कप्तान चुना गया। ब्रह्मपुत्र सदन से कप्तान खुशी, उप कप्तान अंशु, गंगा सदन में कप्तान नैंसी, उप कप्तान अरुण तंवर, कावेरी सदन में कप्तान अंशु, उप कप्तान नंदिनी एवं नर्मदा सदन से कप्तान अंशिका व उप कप्तान वंशिका को चुना गया। प्राचार्य सुमिता सिंह ने कार्यकारिणी के सदस्यों को शपथ दिलवाई। संवाद

# गोहानाः कन्या गुरुकुल विद्यालय में अलंकरण समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना



गोहाना। विद्यार्थी कार्यकारिणी परिषद की प्रतिनिधि छात्राएं अपनी शिक्षिकाओं के साथ।

भगत फूल सिंह महिला विवि के कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को अलंकरण समारोह आयोजित किया। समारोह में स्कूल की विधार्थी कार्यकारिणी परिषद गठित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या सुमिता सिंह ने की। प्राचार्या ने कार्यकारिणी के सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलवाई। कार्यकारिणी परिषद में प्रत्येक सदन से छात्राओं को उनके शैक्षणिक व सह पाठ्यक्रम गतिविधियों में योगदान के आधार पर मनोनीत किया गया। चयन साक्षात्कार प्रक्रिया के माध्यम से पूर्ण किया। परिषद में कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय की छात्रा वंशिका को कैप्टन, कक्षा 12वीं कला संकाय की छात्रा अंजलि को वाइस कैप्टन और कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय की छात्रा अंतिम को स्पोर्ट्स कप्तान चुना गया। इसके अलावा सदन अनुसार ब्रह्मपुत्र सदन से खुशी को कैप्टन व अंशु को वाइस कैप्टन, गंगा सदन से नैंसी को कैप्टन व अरुण तंवर को वाइस कैप्टन, कावेरी सदन से अंशु को कैप्टन व नंदिनी को वाइस कैप्टन, नर्मदा सदन से अंशिका को कैप्टन व वंशिका को वाइस कैप्टन चुना गया।